अमर उजाला
19-10-2022

# छात्रों ने वेस्ट का प्रयोग कर बनाया सुंदर सामान

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के प्रबंधन विभाग ने प्रतियोगिता रखी। छात्रों के लिए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। इसमें 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आरंभ बीबीए वर्ष के ध्रुव चौधरी द्वारा किया गया।

विद्यार्थियों ने अपने प्रतिभा और रचनात्मकता को फूलदान, रचनात्मक लटकन, बांस कला, आदि द्वारा व्यक्त किया। बाद में प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने छात्रों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों की मदद से छात्रों को अपनी छिपी हुई क्षमता, कौशल आदि में विकास होगा जो वर्तमान परिदृश्य में आवश्यक भी है। पिंकी गुप्ता, वाणिज्य विभाग और राजनीतिक विज्ञान की डॉ. तृप्ति शर्मा ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में तरुण सेठी प्रथम, गितिका द्वितीय, अंशिका तृतीय तथा आरुषी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। अंत में डॉ. भारती विज विभागाध्यक्ष ने इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए पूरे विभाग को बधाई दी। संवाद